अत्यन्त महत्वपूर्ण/समयबद्ध

संख्या-21/1750(1)/26-3-13-4(41)/06-टीसी-2

प्रेषक,

जावेद उस्मानी,

मुख्य सचिव,

उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

जिलाधिकारी,

ललितपुर/सहारनपुर।

समाज कल्याण अनुभाग-3 लखनऊ-दिनांक 03 नवम्बर, 2013

विषय- अनुसूचित जनजाति और अन्य परम्परागत वन निवासी(वन अधिकारों की मान्यता) अधिनियम, 2006 एवं वन नियमावली, 2008 के क्रियान्वयन हेतु राज्य स्तर की निगरानी समिति की बैठक दिनांक 01.11.2013 में लिये गये निर्णय पर अनुपालन सुनिश्चित किये जाने के संबंध में।

महोदय,

अनुसूचित जनजाति और अन्य परम्परागत वन निवासी(वन अधिकारों की मान्यता) अधिनियम, 2006 एवं वन नियमावली, 2008 के क्रियान्वयन हेतु अधोहस्ताक्षरी की अध्यक्षता में राज्य स्तर की निगरानी समिति की बैठक दिनांक 01.11.2013 को आयोजित की गयी थी। इस बैठक में समीक्षा करने के उपरान्त यह पाया गया कि इस अधिनियम के अंतर्गत जनपदों में की जाने वाली कार्यवाही की प्रगति संतोषजनक नहीं है। जनपद ललितपुर में 734 तथा सहारनपुर में 513 दावे लम्बित हैं। अधिनियम के प्राविधानों के अन्तर्गत प्राप्त दावों को शीघ्रता पूर्वक निस्तारित किया जाना अपेक्षित है, ताकि संबंधित व्यक्तियों को अधिनियम के अन्तर्गत देय अधिकार प्राप्त हो सके।

2. अत: आपको निर्देशित किया जाता है कि इस अधिनियम के अंतर्गत

http://shasanadesh.up.nic.in

जनपदों में प्राप्त दावों की समीक्षा करते हुए नियमानुसार स्वीकृत होने वाले दावों को तत्काल स्वीकृत कर दिया जाय और अनुपालन आख्या निदेशक, जनजाति विकास, उ0प्र0 एवं समाज कल्याण विभाग, उ0प्र0 शासन को एक सप्ताह में उपलब्ध करायी जाय।

भवदीय,

(जावेद उस्मानी)
मुख्य सचिव

संख्या- 1750(2)/26-3-2013 तददिनांक-

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित-

1. आयुक्त, झांसी/सहारनपुर मण्डल को इस आशय से प्रेषित कि कृपया प्रश्नगत प्रकरण में अनुश्रवण करके अनुपालन सुनिश्चित करायें।
2. निदेशक, जनजाति विकास, उ0प्र0 लखनऊ।

आज्ञा से,

(सुनील कुमार)
प्रमुख सचिव

http://shasanadesh.up.nic.in